## उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से की शिकायत, दिए जांच के निर्देश

# जयसिंहनगर में कागज़ों पर बनी पुलिया और सड़क

### जेबों में समाया सरकारी धन

**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर शासकीय राशि की बंदरबांट और भ्रष्टाचार का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बिना काम कराए और बिना मूल्यांकन के ही लाखों रुपये डकारने का एक और बड़ा वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। जनपद पंचायत जयसिंहनगर की उपाध्यक्ष रक्षा शिब्बू सिंह ने ग्राम पंचायत धनेड़ी एवं ग्राम पंचायत रेउसा के कोलानटोला में हुए निर्माण कार्यों में धांधली को लेकर मोर्चा खोलते हुए सीधे कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायती पत्र पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### खाते से गायब हुए लाखों रुपये

जनपद उपाध्यक्ष रक्षा शिब्बू सिंह द्वारा कलेक्टर को सौंपी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत धनेड़ी और ग्राम पंचायत रेउसा (कोलानटोला) में स्वीकृत निर्माण कार्यों में व्यापक




स्तर पर वित्तीय अनियमितता की गई है। ग्राम पंचायत धनेड़ी में पुलिया निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया था। शिकायत के अनुसार, मौके पर स्वीकृत कार्य कराए बिना ही तत्कालीन सरपंच पुरुषोत्तम सिंह एवं तत्कालीन सचिव अशोक कुमार गौतम द्वारा लगभग 2.50 लाख की राशि का आहरण कर लिया गया। कार्य की वास्तविक प्रगति और माप पुस्तिका का उचित सत्यापन कराए बिना ही सरकारी खजाने को चूना लगाया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत रेउसा के कोलानटोला में सी.सी. सडक़ निर्माण कार्य के नाम पर लगभग 1.00 लाख की राशि बिना विधिवत मूल्यांकन कराए अग्रिम रूप से आहरित कर ली गई। कुल मिलाकर दोनों ग्राम पंचायतों में लगभग 3.50 लाख की शासकीय राशि का गोलमाल किए जाने का गंभीर आरोप है।

### भौतिक सत्यापन और दंडात्मक कार्रवाई की मांग

जनपद उपाध्यक्ष ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि केवल कागजी जांच करने के बजाय निर्माण स्थलों का भौतिक सत्यापन और निष्पक्ष तकनीकी मूल्यांकन कराया जाए। शिकायत के माध्यम से मांग की गई कि स्वीकृत आदेश, तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति, मस्टर रोल, सामग्री अभिलेख, माप पुस्तिका , मूल्यांकन, देयक और भुगतान से संबंधी समस्त दस्तावेजों की गहनता से जांच की जाए। राशि आहरण के समय मौके पर वास्तव में कितना निर्माण कार्य हुआ था और उसके विरुद्ध कितनी राशि देय थी, इसका निष्पक्ष सत्यापन कराया जाए। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित उत्तरदायी सरपंच, तत्कालीन सचिव एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध नियमनुसार वसूली और अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्रवाई की जाए। शासकीय राशि की क्षति की शत-प्रतिशत वसूली कराकर शासन के खाते में जमा कराई जाए।

### जिला स्तरीय समिति से समयबद्ध जांच की गुहार

उपाध्यक्ष रक्षा शिब्बू सिंह ने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व में भी इन पंचायतों के जिम्मेदारों की वित्तीय अनियमितताओं की जांच जिला पंचायत शहडोल में प्रचलित है। जनहित और सरकारी धन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय जांच समिति गठित कर समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। कलेक्टर कार्यालय की आवक शाखा में शिकायत दर्ज होने के बाद अब जयसिंहनगर जनपद क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है।

## खबर संक्षेप

### वन्यजीव संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक



**जयसिंहनगर।** पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में 1 अक्टूबर 2026 को उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राज्य स्तरीय वन्य जीव सप्ताह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर उत्तम सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने सरस्वती वंदन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए कार्यक्रम के अगली कड़ी में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ के द्वारा किया गया। **कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप वनमंडल** अधिकारी,जयसिंहनगर गौरव सक्सेना उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को वन्य जीव संरक्षण और उन्हें उनके परिवेश में ही सुरक्षित रूप से रखना और उनके संरक्षण के लिए बहुत सी जानकारी दी साथ ही उन्होंने वन्य जीव संरक्षण को पूर्ण रूपेण संरक्षित करने के लिए शपथ भी दिलाई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में ए.के. निगम उपस्थित रहे , जिन्होंने हमारे आसपास वन्य जीवों के आवास उनके गलियारे और उनके महत्व महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दिए।मुख्य वक्ता के रूप में वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक डॉक्टर सौरभ मदन के द्वारा बहुत ही रोचक जानकारी बच्चों तक पहुंचाई गई जिसमें उन्होंने वन्यजीवों के जीवन में भविष्य में आने वाले संकट और उनसे होने वाले पारिस्थितिकी असंतुलन को समझाया। कार्यक्रम में डॉक्टर लव कुश दीपेंद्र ने अपने वक्तव्य से वन्यजीवों के बारे में रोचक जानकारियां दी। कार्यक्रम में अंग्रेजी के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ यदुवीर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उत्तम सिंह ने वन्य जीवों के प्रति हमारे कर्तव्य और दायित्व को बताते हुए बच्चों को बहुत ही अच्छी और सुस्पष्ट जानकरी दिए।

## सेवा संकल्प यात्रा का पकरिया में भव्य स्वागत: ढोल-नगाड़ों के बीच थिरके विधायक जयसिंह मरावी

### ग्राम चौपाल में उमड़ा जनसैलाब, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढक़र लिया हिस्सा

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन और सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली जा रही वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा का बुढार जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पकरिया में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के स्वागत के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत पदाधिकारी और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। यात्रा के पकरिया पहुंचने पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्राम चौपाल का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणों से संवाद करते हुए सेवा, जनभागीदारी और सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### गीत-संगीत पर विधायक ने लगाए ठुमके

सेवा संकल्प यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में उस समय माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया, जब जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी



ग्रामीणों के बीच पहुंचकर गीत-संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए। विधायक को अपने बीच इस अंदाज में देखकर मौजूद ग्रामीणों में भी उत्साह बढ़ गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर विधायक का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भी आयोजन का आनंद लिया।

### सरपंच-उपसरपंच समेत सैकड़ों रहे मौजूद

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच एवं उपसरपंच रेखा



दीपक चौधरी, समाजसेवी दीपक चौधरी (बुद्धू) समेत पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसके अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम



में शामिल हुए। ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा गतिविधियों से जोडऩे का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने भी आयोजन में उत्साह के साथ सहभागिता की और यात्रा का स्वागत किया। सेवा संकल्प यात्रा के पकरिया पहुंचने पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। स्वागत कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। विधायक के ग्रामीणों के साथ सहज अंदाज और नृत्य के दृश्य कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे।





## सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' का जयसिंहनगर में शुभारंभ

### विधायक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम, हजारों ग्रामीणों ने लिया भाग



### सैकड़ों हितग्राही मौके पर लाभान्वित

**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत जयसिंहनगर के जनपद परिसर में शनिवार को सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और शासकीय सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने की पहल की गई। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए तथा सैकड़ों पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोडऩा, शासकीय सेवाओं को आम नागरिकों के निकट उपलब्ध कराना तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का निराकरण एक ही परिसर में सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी पहल करना रहा। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया एवं पात्रतानुसार लाभ प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध कराए गए।

### वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में श्रीमती तरुणा वर्मा, डीएफओ उत्तर वन मंडल शहडोल ए.पी. सिंह, उपायुक्त विकास श्रीमती शिवानी जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जयसिंहनगर, एसडीओ वन विभाग जयसिंहनगर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद जयसिंहनगर, वन परिक्षेत्र अधिकारी जयसिंहनगर एवं अमझोर रेंज के अधिकारियों सहित विकासखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष जयसिंहनगर श्रीमती जयश्री कचेर, जनपद सदस्य राम प्रसाद पयासी, कार्यक्रम सहायक एवं पेसा ब्लॉक समन्वयक शारदा मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए।

### मौके पर ही हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए सैकड़ों हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। इससे ग्रामीणों को संबंधित सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों में जाने की आवश्यकता कम करने तथा योजनाओं का लाभ सरल प्रक्रिया से उपलब्ध कराने की दिशा में सहयोग मिला। हजारों ग्रामीणों की सहभागिता ने कार्यक्रम को जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप प्रदान किया। अभियान के माध्यम से पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने, जनसमस्याओं के प्रति विभागीय संवेदनशीलता बढ़ाने तथा शासन की सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### शासन एवं जनता के बीच सेतु बनेगा अभियान

'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को विभागीय सेवाओं की जानकारी एवं पात्रतानुसार लाभ उपलब्ध कराने के साथ ही प्रशासन और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद पंचायत जयसिंहनगर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की सहभागिता और ग्रामीणों की व्यापक उपस्थिति के साथ जनसेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य को प्रमुखता दी गई।



## खबर संक्षेप



### सेवा संकल्प अभियान में गणेश मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

**कोतमा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अनूपपुर एवं विकासखंड कोतमा के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को बस स्टैंड स्थित श्री गणेश मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान नामांकुर संस्था मां अंबे सेवा समिति सेक्टर क्रमांक-03 के तत्वावधान में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम से जुड़े विद्यार्थियों और परामर्शदाता के सहयोग से आयोजित हुआ। अभियान के दौरान विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य सहभागियों ने मंदिर परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई की। इसके बाद उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक साकेत, कोतमा भाजपा मंडल मंत्री घनश्याम शर्मा, नामांकुर संस्था प्रतिनिधि दिलीप शुक्ला, जीएस हितकारिणी समिति अध्यक्ष ओंकार सिंह, परामर्शदाता रश्मि रैकवार, देवांश रैकवार, सामाजिक कार्यकर्ता माधव प्रसाद, मुनिया वर्मन, अनुज शर्मा सहित अन्य लोगों ने सहभागिता की।

### सेवा मेरा योगदान पखवाड़ा के तहत स्वच्छता संवाद एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**कोतमा।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान पखवाड़ा के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति कोतमा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के सहयोग से ग्राम पंचायत बैहाटोला में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन बैहाटोला में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कंचन सिंह ने की। कार्यक्रम में स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम निर्माण के संबंध में ग्रामीणों से संवाद किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने एवं अपने गांव को स्वच्छ रखने की स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक सरिमन साकेत, पंचायत सचिव जगदीश साहू, नवांकुर संस्था के ओंकार सिंह, श्रीमती मीना सिंह, श्रीमती निर्मला सिंह, प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बैहाटोला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 46 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं। जांच के दौरान बुखार से संबंधित 19, सर्दी से संबंधित 15, एनीमिया से संबंधित 11 तथा खुजली से संबंधित 1 व्यक्ति की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में सीएचओ श्रीमती द्रोपती सिंह श्रीमती सरोज सिंह, श्रीमती साधना सिंह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रीति महरा उपस्थित रहीं।

### सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत आज थानों में आयोजित होगी गतिविधियां

**उमरिया।** सेवा मेरा योगदान अभियान अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर से 10 तक किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि सभी पुलिस थानों में 4 अक्टूबर को सायबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### सेवा संकल्प अभियान में आज नगरीय निकायों में लगेंगे शिविर

**उमरिया।** सेवा संकल्प अभियान 17 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में 4 अक्टूबर को सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में ` एसडीएम और तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारी तथा जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा। नगरीय क्षेत्र में 4 अक्टूबर को रानी दुर्गावती भवन उमरिया में , गायत्री मंदिर के पास वार्ड नंबर 12 पाली में, टाउन हॉल चंदिया में , अटल प्रतिमा के पास वार्ड नंबर 8 बस स्टैंड नौरोजाबाद में तथा नगर परिषद प्रांगण मानपुर में आयोजित होने वाले शिविरों के लिए सीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव

# स्टेशन चौराहा से कलेक्टर कार्यालय तक निकाला पैदल मार्च



### जिलेभर से कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हुए शामिल

**उमरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन तथा जिला संगठन प्रभारी सम्मति सैनी के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता स्टेशन चौराहा पर एकत्रित हुए। यहां से बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान एवं मताधिकार से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी मांगें उठाईं तथा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता की मांग की। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद प्रदर्शन एवं घेराव किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मत की महत्ता तथा निर्वाचन प्रक्रिया में विश्वास बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जिले भर से कांग्रेसजनों की सहभागिता

कार्यक्रम में उमरिया, बांधवगढ़, मानपुर, नौरोजाबाद, पाली, चंदिया, करकेली, इंदवार, ताला सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों, मंडलम समितियों, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. विजय कुमार कोल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता के मत की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी आवाज उठाती रहेगी। उनके अनुसार, पार्टी का यह संघर्ष लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को मजबूत बनाए रखने से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मंडलम अध्यक्षों, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों, युवा कांग्रेस, हस्ट्ठ, महिला कांग्रेस, सेवादल, विभिन्न प्रकोष्ठों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### युवक कांग्रेस ने किया पुतला दहन

पैदल मार्च के बाद कलेक्टर कार्यालय के सामने युवक कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग सिंह अम्बुज के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के पुतले का दहन किया गया। वहीं आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष मनीष सिंह बरकड़े के नेतृत्व में पाली ब्लॉक के आदिवासी क्षेत्रों में बिजली और पानी सहित स्थानीय समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### संगठनात्मक एकजुटता का किया प्रदर्शन

जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक एकजुटता एवं अनुशासन के साथ सहभागिता की। वरिष्ठ नेताओं के साथ युवा कांग्रेस, छात्र संगठन, महिला कांग्रेस तथा अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी श्री सम्मति सैनी, बांधवगढ़ विधानसभा प्रभारी राकेश जैन 'कक्का', पूर्व विधायक अजय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जय लाल राय, शारदा प्रसाद गौतम, राजेश शर्मा, पुष्पराज सिंह, अंजू सिंह, सावित्री सिंह, त्रिभुवन प्रताप सिंह, जानकी प्रसाद मिश्रा, वीरेंद्र सिंह सेंगर, संतोष सिंह, रामगोपाल दाहिया, किशोर सिंह, मो. नईम, रेखा सिंह मरावी, संतलाल चौधरी, सावित्री सिंह धुर्वे, अंजू लल्लू सिंह, उत्तरा देवी लोधी, शेख शाहरुख, संहिता सोनी, माया सिंह, सीता रानी, पीर मोहम्मद खुर्रम शहजाद, गया प्रसाद पटेल, दुर्गेश साहू, अमित चौधरी, अमित लाल यादव, पीएम राव, राजेश तिवारी, राघवेंद्र सिंह, मोहम्मद नासिर, शिवाजी शर्मा, केपी सिंह, पारस प्रजापति, सत्य प्रकाश साहू, राजेंद्र महोबिया, रतीभान सिंह सेंगर, मनोज सिंह रिंकू, अवधेश राय, बहुरी साहू, संजय पांडे, तखत सिंह, वासुदेव सिंह, राम प्रकाश, पीडी प्रभाकर, सीताराम सूर्यवंशी, शंभू प्रसाद, महाराज श्याम कल्याण पटेल, जगन प्रसाद झारिया, अनीश पटेल, बुद्ध सेन पटेल, भोला गाडरी, सूर्य श्याम पटेल, राम प्रमोद पटेल, रवि पटेल, महेंद्र पटेल, राम सुशील पटेल, वन स्वरूप, पंचम सिंह, गोवर्धन प्रसाद, रमाकांत पटेल, सिया लाल बैग, अशोक कुमार पटेल, रुस्तम गाडरी, दुर्गा मांझी, कृष्ण लाल सिंह, रामपाल चक्रवात, रिंकू द्विवेदी, प्रभाकर कबीरपंथी, दीनदयाल वैश्या, अनुराग सिंह, प्रकाश शुक्ला, नितिन मिश्रा, ऐशोराम सिंह, अर्पित राहुल कुमार, गौतम खान, इनायत खान, छत्रपाल सिंह, अशोक मिश्रा, लाल भवानी सिंह, सुख सेन, आनंद गौतम, विक्रम प्रताप सिंह, कृष्णपाल सिंह राठौर, विजय गौतम, देवेंद्र प्रताप सिंह, गौरी शंकर मिश्रा, जगदीश प्रसाद, रामखेलावन प्रजापति, अतुल केवट, जितेंद्र सिंह, रवि कुमार सेन, पंकज, मनोज सोनी, गुलाम खान, अमर सिंह, विपिन सिंह, अमर यादव, सागर साहू, मनीष सिंह बरकड़े, शकील खान, रमेश चंद्र मौर्य, चंद्रशेखर पटेल, रामकिंकर पाल, विजय प्रताप सिंह, राजेश सोनी, हेमनाथ बैग, बिहारी सिंह धुर्वे, मनोहर सिंह मरावी, मोहम्मद मुख्तियार खान, उमेश कोल सहित जिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट शिशुपाल यादव ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया ने कार्यक्रम की सफलता के लिए जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों, मंडलम अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया भ्रमण



**उमरिया।** सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर विभागीय संस्थाओं का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने झुंगाटोला , महुरी में जन मन योजना से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने छोटे छोटे बच्चों आशीष व मनीष से आंगनबाडी केंद्र में मिलने वाले भोजन तथा अन्य व्यवस्थाओ की जानकारी ली तथा बच्चो के साथ बैठकर भोजन का स्वाद भी चखा। उन्होंने आंगनबाडी केंद्र में बच्चो के लिए वजन मशीन क्रय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र महुरी में मरीजों के इलाज के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने शासकीय माध्यमिक शाला महुरी में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने निर्देश दिए कि विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल बनानें एवं शौचालय निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करें। भ्रमण के क्रम में कलेक्टर ने देवरीमजरा की उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर चालू माह का खाद्यान्न तत्काल उठाव कर वितरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर प्रत्युष श्रीवास्तव ने कौडिया 63 में नव निर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण किया तथा वर्षो से बंद ई पंचायत भवन को साफ सुथरा कराकर आवश्यक गतिविधि संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होने आयुष्मान आरोग्य मंदिर जरहा , पंचायत भवन गोपालपुर, आंगनबाडी केंद्र गोपालपुर तथा धनगीटोला गोपालपुर में जन मन से निर्मित आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण किया । उन्होन गोपालपुर विद्यालय में गत जुलाई माह से खाद्यान्न प्राप्त होने पर मध्यान्ह भोजन निर्माण में अवरोध पर तत्काल खाद्यान्न की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने विद्यालय में गैस सिलेंडर से ही मध्यान्ह भोजन बनानें के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में पशु चिकित्सालय कंचनपुर के भ्रमण के दौरान पशुओ के टीकाकरण की जानकारी प्राप्त की गई तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घुलघुली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ जनपद प्रभांशु सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानपुर जनपद में लगा शिविर

# विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार





**मानपुर।** प्रदेश शासन के सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान - सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 03 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत मानपुर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मीना सिंह रहीं। शिविर में शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे। विधायक सुश्री मीना सिंह ने शिविर में लगे सभी स्टॉलों का अवलोकन किया, जिसमें विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी।

### कर्मचारी काम ढंग से नहीं कर रहे

मंच से ही विधायक ने तल्ख तेवर दिखाए। जनपद सीईओ अंकित सिरोठिया के सामने ही उन्होंने कहा कि कर्मचारी कार्य सही नहीं करते, इस टेबल से उस टेबल तक दौड़ाया जाता है। उन्होंने प्रशासन को चेताया और जनप्रतिनिधियों से आव्हान किया सभी जनप्रतिनिधि चाहे वह जनपद सदस्य हो, पंच हो, सरपंच हो, वह मध्यस्थता का कार्य करें, जिससे ग्रामीण जनता का काम सरलता से हो सके।

### भाजपा सरकार जन्म से मृत्यु तक साथ

विधायक मीना सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रकार से सहायता करती है। उन्होंने शासन की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि आज हर वर्ग के लिए योजना है।

### कांग्रेस पर निशाना

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में सडक़ें नहीं थी, बिजली उनके स्वयं के गांव में नहीं थी। उस समय की कांग्रेस सरकार किसानों को कर्ज देती ब्याज इतना ज्यादा होता था कि किसान कर्ज समय पर नहीं चुका पाता था तो हांडा, बटुआ, गिलास, गाय, बकरी, जमीन तक कुर्क करा देती थी। आज भाजपा सरकार में 0त्न ब्याज पर किसानों को ऋण मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान लाभांवित पात्र हितग्राहियों को चेक वितरण के साथ प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, एसडीएम हरनीत कौर कलसी, जनपद अध्यक्ष ममता सिंह,अंकित सिरोठिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भाजपा महामंत्री हरीश विश्वकर्मा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री रसिक खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष राम मोल केवट, मंडल अध्यक्ष हरिहर चतुर्वेदी,सोमवती गुप्ता महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष,जनपद सदस्य ध्रुव सिंह, विजय द्विवेदी, पार्षद शिवराम शुक्ला, सरपंच रामपाल,सरपंच दिव्य प्रकाश पटेल,मुकेश तिवारी, दिव्यप्रकाश पटेल,पत्रकार त्रिवेणी शरण द्विवेदी,राजू गुप्ता,आशुतोष त्रिपाठी, जय प्रकाश शर्मा,कुलदीप गुप्ता, अजय पयासी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कोतमा में स्कूली वाहनों में बच्चों की भीड़, सुरक्षा नियमों पर सवाल सीटें फुल होने के बाद भी खड़े कर ले जाए जा रहे बच्चे

### ऑटो-ई-रिक्शा और पिकअप में भी मानकों की अनदेखी का आरोप

**कोतमा।** प्रदेश सहित विभिन्न जिलों में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार नियम और दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं, लेकिन कोतमा नगर में निजी विद्यालयों के बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों का नजारा इन व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि कई स्कूल बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। सीटें भरने के बाद बच्चों को खड़े होकर सफर करना पड़ता है। ऐसे में किसी आपात स्थिति में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। स्कूली वाहनों के संचालन के लिए निर्धारित नियमों में बच्चों की सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दी गई है। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाना प्रतिबंधित है। स्कूल बसों की पहचान, सुरक्षा उपकरण, अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी, खिड़कियों की सुरक्षा व्यवस्था और परिचारक जैसी व्यवस्थाएं भी महत्वपूर्ण मानी गई हैं। स्कूल ड्यूटी में लगे वाहनों पर निर्धारित पहचान अंकित होना तथा संबंधित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना जरूरी है। वाहन चालक के पास संबंधित श्रेणी का वैध लाइसेंस और वाहन की फिटनेस एवं परमिट भी जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अभिभावकों का आरोप है कि नगर में कुछ 25 सीटर बसों सहित अन्य वाहनों में भी क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर



परिवहन किया जा रहा है। कुछ मामलों में वाहनों की फिटनेस और परमिट को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि पुराने वाहनों को रंग-रोगन कर नया स्वरूप देने के बाद स्कूल परिवहन में इस्तेमाल किया जा रहा है।

इसी तरह ऑटो, ई-रिक्शा और पिकअप जैसे वाहनों से बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि इन वाहनों की नियमित जांच के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनमें बच्चों के परिवहन के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। स्कूली वाहनों की जांच और ओवरलोडिंग के खिलाफ परिवहन तथा यातायात विभाग समय-समय पर अभियान चलाते हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई से लेकर वाहन जब्त करने तक की कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद यदि स्कूल समय के दौरान क्षमता से अधिक बच्चों को लेकर वाहन लगातार सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं तो नियमित निगरानी और जांच व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अभिभावकों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि कोतमा नगर के सभी निजी विद्यालयों में संचालित स्कूल बसों और बच्चों को लाने-ले जाने वाले अन्य वाहनों की संयुक्त जांच कराई जाए। पुलिस, परिवहन विभाग और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर वाहनों की फिटनेस, परमिट, क्षमता, चालक का लाइसेंस, सुरक्षा उपकरण और बच्चों की वास्तविक संख्या की जांच की जाए। अभिभावकों का कहना है कि कार्रवाई केवल अभियान तक सीमित न रहे, बल्कि स्कूल खुलने और छुट्टी के समय नियमित निगरानी की व्यवस्था हो। इससे क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई हो सकेगी और बच्चों की सुरक्षित स्कूल यात्रा सुनिश्चित की जा सकेगी।



### गांधी जयंती पर केल्हौरी में विशेष ग्राम सभा, पांच साल की विकास योजना पर बनी सहमति

#### स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**चचाई।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत केल्हौरी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद पंचायत परिसर और गांधी चौक में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान में सरपंच रामपाल सिंह (लहरू), सचिव संजय सिंह सहित पंचायत के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ पंचायत क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके बाद पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा आयोजित हुई। इसमें आगामी पांच वर्षों के लिए ग्राम पंचायत के विकास की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम सभा में गांव की मूलभूत जरूरतों और स्थानीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने पर चर्चा हुई। प्रस्तावित पंचवर्षीय योजना में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण, जल संरचनाओं का विकास, भूमि एवं मृदा संरक्षण, स्वच्छता प्रबंधन तथा आजीविका संवर्धन को प्रमुखता दी गई है। इसके अलावा खेत-तालाब, कूप निर्माण, सघन वृक्षारोपण और आजीविका भवन जैसी अधोसंरचनाओं को भी योजना में शामिल किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामवार विकास योजना तैयार करने की दिशा में भी चर्चा हुई, ताकि आने वाले वर्षों में पंचायत क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को प्राथमिकता और आवश्यकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अनामिका चतुर्वेदी, सरपंच रामपाल सिंह (लहरू), सचिव संजय सिंह, रोजगार सहायक राजन यादव, वरिष्ठ पत्रकार राजेश रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सेवा संकल्प यात्रा का कोतमा में जगह-जगह पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत

**कोतमा।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा के तहसील कोतमा क्षेत्र में प्रवेश करने पर ग्राम पंचायत छुल्हा टोला के ग्राम बिजहाटोला स्थित सेमरिया चौक पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सेवा यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद यात्रा देवगवां, पिपरिया, बंजारी चौक, गोहंड्रा मनमारी रोड एवं बिरसा मुंडा चौक सहित विभिन्न स्थानों से होकर आगे बढ़ी, जहां नागरिकों ने पुष्पमाला एवं पुष्पवर्षा कर उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया। बिरसा मुंडा चौक पर महापुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। यात्रा पथरौडी तिराहा, केवई बैरियर बेहाटोला होते हुए बेलियाछोट स्थित वेयरहाउस के पास पहुंची। यहां भी नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर सेवा यात्रियों का स्वागत किया। बेलियाछोट में आयोजित चौपाल में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। चौपाल को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा सेवा, जनसंवाद, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष देश और जनता की सेवा के लिए समर्पित किए हैं। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा एवं विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा ह12



## खबर संक्षेप

### 11 एकड़ शासकीय भूमि के फर्जीवाड़े का आरोपः कूटरचित दानपत्र से नामांतरण

**शिकायतकर्ता का पक्षः निःसंतान रामजियावन की 11 एकड़ जमीन फर्जी दानपत्र के सहारे हड़पी गई, नकल शाखा में दस्तावेज ही गायब; अधिवक्ता संजय पांडेय ने निष्पक्ष जांच और बेदखली की मांग की**

**शहडोल।** सोहागपुर एवं बुढ़ार राजस्व क्षेत्र की लगभग 11 एकड़ बेशकीमती भूमि को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। आरोप है कि मूल भू-स्वामी स्व. रामजियावन पिता कमला प्रसाद के निःसंतान (लावारिस) निधन के बाद नियमानुसार यह पूरी भूमि मध्य प्रदेश शासन में निहित होनी चाहिए थी। हालांकि, फर्जी नामांतरण और कथित दानपत्र के जरिए इस शासकीय भूमि पर निजी स्वामित्व दर्शाकर मुआवजा और नौकरी तक हासिल कर ली गई।

### 1983 के कथित दानपत्र और नामांतरण से शुरू हुआ खेल

अधिवक्ता एवं शिकायतकर्ता संजय पांडेय द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के अनुसार, वर्ष 1983-84 में कोदूराम पिता राममिलन द्वारा 02 नवंबर 1983 के एक कथित दानपत्र को आधार बनाकर नामांतरण पंजी क्रमांक-1 में अपना नाम दर्ज कराया गया। आरोप है कि बाद में कथित पट्टा तैयार कर इस भूमि का स्वामित्व दर्शाया गया और अलग-अलग हिस्सों को बेचकर या हस्तांतरित कर अनुचित लाभ लिया गया।

### बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम के शोषण से बचाव की दी गई जानकारी

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में ढ़ीमरखेड़ा न्यायालय की न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित पक्षकारों को बंधुआ मजदूरी तथा बाल श्रम के माध्यम से होने वाले शोषण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम जैसी प्रथाएं कानूनन प्रतिबंधित हैं तथा इनके प्रति जागरूकता आवश्यक है। न्यायाधीश श्री तिवारी ने उपस्थित लोगों को अपने आसपास भी ऐसे मामलों के प्रति सजग रहने और लोगों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के माध्यम से लोगों को श्रमिकों एवं बच्चों के शोषण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश प्यासी, अवधेश असाटी, नायब नाजिर शक्ति संजय सिंह एवं शिवम उपाध्याय सहित पक्षकार उपस्थित रहे।

### पुलिस ने विभिन्न स्थानों में की चालानी कार्रवाई

**कटनी।** यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के तहत सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान सिविल लाइन स्थित स्कूल के पास नाबालिग छात्रों को दोपहिया वाहन चलाते पकड़ा गया। पुलिस ने वाहन उपलब्ध कराने और चलाने की अनुमति देने वाले 5 अभिभावकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा बरगवां में ब्रिज के पास सड़क पर अवैध व अव्यवस्थित पार्किंग करने वाले 5 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में बिना हेलमेट (14), मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले (13), तीन सवारी (06) और बिना सीट बेल्ट (04) सहित कुल 47 से अधिक वाहन चालकों के चालान काटे गए। यातायात पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। साथ ही स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में थाने में जुर्माना जमा न करने पर चालान न्यायालय भेजे जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

---

### एसईसीएल डीटी रमेश चन्द्र महापात्रा समेत वरिष्ठ अधिकारियों का दौरा, पहुंचते ही हुआ स्वागत; महापात्रा ने किया पौधारोपण

# बंगवार भूमिगत खदान में हाई लेवल निरीक्षण, बदलाव की आहट!

**हादसों के बाद करीब 3-4 घंटे भूमिगत खदान में चला निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की गहन पड़ताल से बढ़ी हलचल**

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की बंगवार भूमिगत खदान में शुक्रवार को कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने से खदान परिसर में हलचल बढ़ गई। एसईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल रमेश चन्द्र महापात्रा, सीआईएल के महाप्रबंधक खनन के. सुधाकर तथा अच्युत घटक बंगवार भूमिगत खदान के निरीक्षण के लिए पहुंचे। खदान परिसर में पहुंचते ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद रमेश चन्द्र महापात्रा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

स्वागत एवं पौधारोपण कार्यक्रम के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने खदान की ओर रुख किया। शाम करीब 4 बजे अधिकारी भूमिगत खदान में निरीक्षण के लिए दाखिल हुए और लगभग तीन से



चार घंटे तक अंदर रहकर विभिन्न बिंदुओं का जायजा लिया। इतने लंबे समय तक चले उच्चस्तरीय निरीक्षण को लेकर खदान के श्रमिकों और कर्मचारियों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

**हादसों के बाद हाईलेवल टीम का दौरा**

बंगवार भूमिगत खदान में पिछले कुछ माह के दौरान दो-तीन बड़े हादसे सामने आने के बाद




सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता बढ़ी है। इसी पृष्ठभूमि में कंपनी के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों का खदान के अंदर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान भूमिगत सुरक्षा, कार्यप्रणाली और संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल किए जाने की जानकारी है।

**सुरक्षा में मिली कमियों पर सख्ती की चर्चा**

खदान से जुड़े श्रमिकों के अनुसार निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में सामने आई कुछ कमियों को लेकर संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए गए। कमियों को तत्काल दूर करने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से



पालन करने के लिए कहा गया। हालांकि निरीक्षण में सामने आए बिंदुओं को लेकर कंपनी प्रबंधन की ओर से अभी विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

**गोपनीय रखे गए कुछ बिंदु, बदलाव की अटकलें तेज**

निरीक्षण के दौरान कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को गोपनीय रखा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के लंबे समय तक भूमिगत निरीक्षण और हालिया हादसों की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब खदान प्रबंधन में संभावित बदलाव की चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि फिलहाल किसी अधिकारी के तबादले, जिम्मेदारी में बदलाव अथवा कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक आदेश सामने नहीं आया है।

**अब रिपोर्ट और अगले आदेश का इंतजार**

बंगवार भूमिगत खदान में एक साथ इतने वरिष्ठ अधिकारियों का पहुंचना और घंटों भूमिगत रहकर निरीक्षण करना कंपनी के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता को दर्शाता है। अब निगाहें निरीक्षण रिपोर्ट और उसके बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा लिए जाने वाले निर्णय पर टिकी हैं। यदि निरीक्षण में सुरक्षा संबंधी गंभीर कमियां दर्ज हुई हैं तो आने वाले दिनों में जिम्मेदारियों और व्यवस्थाओं में बदलाव देखने को मिल सकता है।

---

# अमलाई के विकास कार्यों को लेकर भाजपा

## पदाधिकारियों और एल्डरमैन ने CMO को सौंपा ज्ञापन





**बरगवां-अमलाई।** नगर परिषद बरगवां-अमलाई क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं एवं विभिन्न विकास कार्यों की मांग को लेकर भाजपा के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) को और अध्यक्ष गीता गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर परिषद के वरिष्ठ भाजपा नेता एल्डरमैन संदीप पुरी, परिषद के उपाध्यक्ष राज तिवारी एवं एडवोकेट अरविंद साहनी, बीजेपी बूथ अध्यक्ष वार्ड क्रमांक 7 तथा मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे

संदीप पुरी ने ज्ञापन देकर विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सीएमओ से चर्चा किया जिसमें आमलाई स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम और अतिरिक्त हाल के अलावा अतिरिक्त भवन के सौंदर्य करण शिव मंदिर वार्ड क्रमांक 7 में रंगमंच की मांग ज्ञापन में नगर के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर करने, आगामी त्योहारों को देखते हुए व्यापक स्तर पर सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने की मांग की गई। साथ ही वार्ड क्रमांक-5 स्थित सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण, चौहद्दी निर्माण तथा नागरिकों के बैठने एवं घूमने के लिए पार्क विकसित करने का सुझाव दिया गया। वहीं विधायक विशाहुलाल जी ने भी पत्र लिखकर इन समस्याओं के साथ शिव मंदिर अमली कैंप में रंगमंच बनाने का भी आदेश दिया है

एडवोकेट अरविंद साहनी ने वार्ड क्रमांक-7 सहित अन्य क्षेत्रों में सड़क की आवश्यकता का मुद्दा उठाते हुए सी आर ओ कैंप से गीता ग्राम की सीमा तक सड़क निर्माण की मांग रखी। इसके अलावा कैंप स्थित पुराने शिव मंदिर में रंगमंच बाउंड्रीवॉल, स्टेज, रंग-रोगन एवं पार्क निर्माण की आवश्यकता बताई। इसके अलावा साहनी ने प्रमुख मुद्दा उठाकर कहा कि इन चार क्षेत्रों में अभी भी खंभयुक्त स्ट्रीट लाइट पूर्ण रूप से नहीं लगा है जिसे खंबे मे लगाकर सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए

मंडल मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह ने वार्ड क्रमांक-1 में प्रस्तावित स्टेज निर्माण में उपलब्ध पुरानी जगह का समुचित उपयोग करते हुए अपेक्षाकृत बड़ा स्टेज बनाए जाने का आग्रह किया। वहीं शांति नगर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, सीमेंटकरण एवं चौहद्दी निर्माण की मांग भी रखी गई। ज्ञापन के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए अध्ययन सुविधाओं, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने की मांग भी रखी गई।

इस दौरान नगर परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता को भी उक्त मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की आवश्यकताओं पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

---

### नवरात्रि में मांस-मछली की दुकानें बंद कराने की उठी मांग

# धार्मिक भावनाओं का रखा जाए ध्यानः दुर्गा उत्सव समिति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बस स्टैंड पंडाल के पास गंदगी और बदबू से श्रद्धालु परेशान**

**बुढ़ार।** आगामी पवित्र नवरात्रि पर्व को देखते हुए बुढ़ार नगर में मांस और मछली की दुकानों को बंद कराने की मांग तेज हो गई है। इसे लेकर शनिवार (3 अक्टूबर 2026) को 'माँ आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति' (बस स्टैंड, बुढ़ार) के सदस्यों ने बुढ़ार तहसीलदार को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। समिति ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि धार्मिक भावनाओं और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि शुरू होने के एक दिन पूर्व से लेकर पूरे दस दिनों तक मांस-मछली की दुकानों का संचालन पूर्णतः बंद कराया जाए।

**पंडाल के पास फेंके जाते हैं मांस के टुकड़े, पिछले वर्ष भी हुई थी घटना**

ज्ञापन में समिति ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बस स्टैंड बुढ़ार में माँ आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य पंडाल में माता की प्रतिमा विराजमान की जा रही है। लेकिन इस पंडाल से कुछ ही दूरी पर मांस और मछली की दुकानें संचालित होती हैं।

दुकानदारों द्वारा अक्सर मांस के अवशेष और टुकड़े खुले में फेंक दिए जाते हैं। इन्हें कुत्ते और पक्षी उठाकर दुर्गा पंडाल के आस-पास गिरा देते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्ष भी ऐसी ही निंदनीय घटना घटित हुई थी, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था को गहरी ठेस पहुंची थी।

**बदबू के कारण महिलाओं का निकलना दूभर**

समिति ने प्रशासन का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराया है कि बस स्टैंड स्थित दुर्गा पंडाल के समीप ही एक सार्वजनिक शौचालय है, जहाँ रोजाना महिलाओं का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन बगल में ही मांस की दुकानें होने के कारण वहां हमेशा मांस और रक्त (ब्लड) की तीव्र बदबू फैली रहती है। इस दुर्गंध के कारण वहां का माहौल अत्यंत खराब रहता है और दर्शनार्थियों, विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**इनको भी भेजी गई शिकायत की प्रति**

समिति ने स्पष्ट मांग की है कि नगर के शांतिपूर्ण व पवित्र माहौल को बनाए रखने के लिए 10 दिनों तक इन दुकानों को बंद रखने के सख्त निर्देश जारी किए जाएं। तहसीलदार को सौंपे गए इस ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री (भोपाल), जिला कलेक्टर (शहडोल), पुलिस अधीक्षक (शहडोल), अनुविभागीय अधिकारी (धनपुरी), थाना प्रभारी (बुढ़ार) और नगर परिषद् (बुढ़ार) को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है।

---

## जयसिंहनगर के बिजहा बस स्टैंड से 20 टायर और ठेला चोरी, सीसीटीवि में कैद हुई संदिग्ध पिकअप

**बुढ़ार।** जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजहा में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ताजा मामला बिजहा बस स्टैंड के पास का है, जहां एक मोटरसाइकिल मैकेनिक की दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया।

मिली जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड किनारे मोटरसाइकिल सुधारने की दुकान चलाने वाले शंखू यादव की दुकान में 2 सितंबर 2026 की देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने दुकान में रखे 20 नग नए-पुराने टायर और एक रिक्शा ठेला पार कर दिया।

**सीसीटीवी में कैद हुई संदिग्ध पिकअपः**

घटना के बाद जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो उसमें एक संदिग्ध सफेद रंग की पिकअप गाड़ी दिखाई दी। फुटेज के मुताबिकः

सफेद रंग की पिकअप रात लगभग 3:17 बजे शंखू यादव की दुकान के पास पहुंची।

लगभग 17 मिनट तक वहां रुकने के बाद, रात 3:34 बजे पिकअप कार्की गांव की ओर रवाना हो गई।

पुलिस प्रशासन से ध्यान देने की मांगः

बिजहा में आए दिन हो रही चोरी की वारदातों से परेशान ग्रामवासियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द से जल्द चोरों का सुराग लगाकर उन पर सख्त कार्रवाई की जाए और रात में गश्त बढ़ाई जाए।

---

# ब्यौहारी में गूंजा साहित्य, संस्कार और बाल प्रतिभाओं का स्वर

### बाल साहित्य उत्सव में रचनाकारों ने बच्चों को दिखाई सृजन और सपनों की राह

**, पूर्णेन्दु कुमार सिंह "सुदीर्घ साधना सम्मान-2026" से सम्मानित**

**ब्यौहारी। गांधी जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर 02 अक्टूबर 2026 को सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, मऊ, ब्यौहारी में पंडित रमाविलास सेवा संस्थान, ब्यौहारी द्वारा बाल साहित्य उत्सव एवं सुदीर्घ साधना सम्मान-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल काव्य-पाठ प्रतियोगिता, साहित्यिक व्याख्यान, कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह तथा गांधी जीवन-दर्शन प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण रहे।**

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संस्थापक पंडित रमाविलास जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि श्री रामनिहोर तिवारी, सुप्रसिद्ध रचनाकार, बल्होड, उमरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संतोष उपाध्याय, अध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण सेवा संस्थान, ब्यौहारी ने की। विशिष्ट अतिथि श्री संतोष द्विवेदी "लोकनाथ", वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं पत्रकार, उमरिया रहे।

कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन प्रसिद्ध गजलकार श्री राजकुमार महोबिया, उमरिया ने किया। श्री शिवपाल तिवारी, अध्यक्ष, हिंदी साहित्य सम्मेलन, ब्यौहारी इकाई ने अतिथियों एवं साहित्यकारों का स्वागत किया।

साहित्य के क्षेत्र में चार दशकों से अधिक समय से सक्रिय वरिष्ठ साहित्यकार एवं गजलकार श्री पूर्णेन्दु कुमार सिंह को उनके दीर्घकालीन साहित्यिक योगदान के लिए "सुदीर्घ साधना सम्मान-2026" से सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल,




प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया।

श्री पूर्णेन्दु कुमार सिंह ने बाल साहित्य के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा उनकी गजलों ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

सात विद्यालयों के बच्चों ने किया बाल काव्य-पाठ

**बाल काव्य-पाठ प्रतियोगिता में कुल सात विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया—**

1. जवाहर नवोदय विद्यालय 2.क्रिस्ता ज्योति मिशन स्कूल 3. सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल 4.गाँधी मेमोरियल विद्यालय 5. विवेकानंद उच्च विद्यालय 6.सुन्नीबाई केशरवानी विद्यालय 7.संदीपनी विद्यालय

सभी प्रतिभागी बच्चों ने आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ काव्य-पाठ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

**प्रतियोगिता का परिणाम**

**प्रथम स्थान** — सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल द्वितीय स्थान — क्रिस्ता ज्योति मिशन स्कूल तृतीय स्थान — जवाहर नवोदय विद्यालय

विजेता विद्यालयों एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, कल्पनाशक्ति एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**कवियों एवं साहित्यकारों की रचनाओं ने बांधा समां**

कार्यक्रम में अरुण पयासी, शिवपाल तिवारी, कैलाश हलवाई, राजकुमार महोबिया, श्रीमती विभूति तिवारी, मिथिलेश राय, श्रीमती गोपी नवीन शुक्ला, शिवानंद पटेल, सरोज पांडेय, श्रीमती अश्विनी तिवारी, टी.के. सिंह, दीपक कुमार गुप्ता, शरद तिवारी एवं सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी साहित्यिक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

**शहडोल की श्रीमती गोपी नवीन शुक्ला ने अपनी कविता "बच्चे चित्र बना रहे हैं" के माध्यम से बाल कल्पनाशक्ति को अभिव्यक्त करते हुए कहा—**

"बच्चे बड़े चित्रकार हैं, वीरान होती दुनिया में रंग भरते जा रहे हैं लगातार।"

श्री दीपक कुमार गुप्ता, बाणसागर-देवलोंद ने संघर्ष और मेहनत का संदेश देते हुए प्रस्तुत किया— "संघर्ष कड़ा




है, मेहनत का फल और होगा, उड़ते हुए परिंदे का कहीं तो ठौर होगा,कभी तो अपना भी एक दौर होगा।" **उमरिया के प्रसिद्ध गजलकार श्री राजकुमार महोबिया ने बच्चों के सपनों को स्वर देते हुए कहा—**

"सपनों की ताबीर सजाए बैठे हैं, नैनों में ये विश्व समाए बैठे हैं, आओ इनको मुक्त गगन देकर देखें, बच्चे कब से पंख उगाए बैठे हैं।" श्रीमती विभूति तिवारी ने बाल काव्य-पाठ के माध्यम से बच्चों को पुस्तकों से जुड़ने और अपनी भावनाओं को कविता के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। टी.के. सिंह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय साहित्य प्रभा मंच, बांसी, जिला मैहर ने बाल साहित्य को बच्चों में मूल्य, संवेदनशीलता एवं रचनात्मकता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। अन्य रचनाकारों ने भी बाल मन, प्रकृति, सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाओं, संघर्ष, आशा और बेहतर भविष्य जैसे विषयों पर अपनी साहित्यिक प्रस्तुतियां दीं। गांधी जीवन-दर्शन प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम स्थल पर गांधी जीवन-दर्शन पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें महात्मा गांधी के जीवन से संबंधित चित्र, चरखा, हस्तलिखित पत्रों की प्रतियां तथा सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन से जुड़े विषय प्रदर्शित किए गए। दांडी मार्च, चंपारण सत्याग्रह एवं भारत छोड़ो आंदोलन से संबंधित चित्रों एवं लघु फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन और विचारों से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों ने **"वैष्णव जन तो तेने कहिए" पर आधारित प्रस्तुति देकर गांधीजी के विचारों को भावपूर्ण रूप से प्रस्तुत किया।**

डॉ. अरुण कुमार पयासी ने सराहा रवि मिश्रा का प्रयास डॉ. अरुण कुमार पयासी "बघेली बंधव" ने शिक्षा, साहित्य एवं बघेली भाषा के प्रति रवि मिश्रा के प्रयासों की सराहना करते हुए अपनी रचना के माध्यम से शुभकामनाएं दीं— "शिक्षा के रवि, श्री रवि मिश्रा, शिक्षक कुशल प्रशासक। कीर्तिमान रचे रहे निरंतर, बोली के उन्नायक।।

गांधी दर्शन का जन-जन तक, करते नित्य प्रचार। अनुशासन के मूल्य सिखाते, सत्य अहिंसा के पतवार।।

उन्होंने अपने वक्तव्य में मऊ की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक परंपरा से जुड़े स्थानीय संदर्भों का उल्लेख किया तथा बघेली भाषा और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान दिलाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रमुख अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री लालबहादुर सिंह, रामबदन पांडेय, रोशन नागपाल, रामबहोर तिवारी, मो. चांद खान, सूर्यभान यादव, अरुण तिवारी, जवाहर पांडेय, कौशलेन्द्र सिंह एवं हरिशरण द्विवेदी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी उपस्थिति एवं सहयोग से बाल साहित्य उत्सव को गरिमा और व्यापकता प्राप्त हुई। साहित्य और संस्कारों को जीवित रखने का संकल्प कार्यक्रम के आयोजक रवि मिश्रा ने कहा कि बाल साहित्य उत्सव का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं, बल्कि बच्चों और समाज में साहित्यिक चेतना, मानवीय संवेदना, रचनात्मकता एवं जीवन-मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचारों तथा साहित्य की सामाजिक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, साहित्यकारों, कवियों, पत्रकारों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक साहित्यप्रेमी, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बाल काव्य-पाठ, कवि सम्मेलन और साहित्यिक प्रस्तुतियों से देर शाम तक कार्यक्रम स्थल साहित्यिक ऊर्जा से सराबोर रहा। बाल साहित्य उत्सव ने यह संदेश दिया कि बच्चों को यदि सृजन, अभिव्यक्ति और सपनों के लिए उचित मंच दिया जाए, तो उनकी प्रतिभा समाज और राष्ट्र के भविष्य को नई दिशा दे सकती है।

## खबर संक्षेप



### गांधी जयंती पर अनूपपुर थर्मल की पहल, दो कौशल विकास केंद्र शुरू

**अनूपपुर/कोतमा।** गांधी जयंती के अवसर पर अनूपपुर थर्मल द्वारा स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से दो अदाणी कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ किया गया। दोनों केंद्रों में युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ कोतमा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टीआर नाग की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार दशरथ सिंह, बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह, जिला पंचायत सदस्य रिंकू मिश्रा सहित उमरदा, मझौली, गुलीडांड और कोठी के सरपंच-उपसरपंच, जनप्रतिनिधि, सामुदायिक हितधारक एवं अनूपपुर थर्मल के अधिकारी मौजूद रहे। इस केंद्र में स्थानीय युवाओं को बार बेंडिंग, कारपेंटरी और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के संचालन में अमारा राजा, शापूरजी एवं एपेक्स की टीमों द्वारा तकनीकी और कार्यान्वयन सहयोग दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए प्रारंभिक तौर पर 35 स्थानीय युवाओं की सूची प्राप्त हुई थी। उद्घाटन के दिन 22 अभ्यर्थियों ने इलेक्ट्रिशियन और कारपेंटरी ट्रेड में अपना पंजीयन पूरा किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने युवाओं को प्रशिक्षण को गंभीरता से पूरा करने तथा प्राप्त कौशल का उपयोग रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर हासिल करने में करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद ग्राम कोठी में स्थापित दूसरे अदाणी कौशल विकास केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। यहां डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर और वेयरहाउस पैकर ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। गांधी जयंती से नए प्रशिक्षण बैच की शुरुआत की गई, जिसमें स्थानीय युवाओं ने पंजीयन कराया। अनूपपुर थर्मल के अनुसार, दोनों केंद्रों का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को उद्योग की मांग के अनुरूप कौशल प्रदान कर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाना और उन्हें बेहतर आजीविका के अवसरों से जोड़ना है। उमरदा, मझौली, कोठी सहित आसपास के गांवों के युवाओं को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ दिलाने पर जोर दिया जा रहा है। अनूपपुर थर्मल की यह पहल स्थानीय स्तर पर युवाओं को कौशल से जोड़ने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रस्तुत की गई है।

# अमोदा में खूनी वारदातः युवक ने नाना-नानी, मां समेत परिवार पर बरसाए डंडे, नाना-नानी और मां की मौत

### शहडोल में इलाज के दौरान एक युवती ने भी तोड़ा दम, कई घायल, आईसीयू में एक बच्ची







**अनूपपुर।** सरई पुलिस चौकी से करीब 60 किलोमीटर दूर और उमरिया जिले की सीमा के समीप छोटी तुम्मी ग्राम पंचायत के अमोदा गांव में शनिवार सुबह एक युवक ने अपने ही परिवार पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में उसकी 70 वर्षीय नानी भन्नी बाई गोंड, 75 वर्षीय नाना संपत सिंह गोंड और 50 वर्षीय मां अनुपिया बाई की मौत हो गई। हमले में घायल परिवार की एक अन्य सदस्य मोनिका ने शहडोल मेडिकल अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं कई लोग घायल हैं, जिनमें बच्ची भारती की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे आईसीयू में रखा गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक प्रेम सिंह गोंड निवासी नौरोजाबाद, उमरिया कुछ समय से अपनी मां के साथ अमोदा स्थित नाना-नानी के घर रह रहा था। ग्रामीणों ने उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात पुलिस को बताई है। पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया है।

#### रात में मंदिर के पुजारी पर किया था हमला

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच प्रेम सिंह ने गांव के मंदिर के 62 वर्षीय पुजारी गंगा सिंह पर भी डंडे से हमला कर दिया था। गंभीर चोट लगने के बाद ग्रामीण उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रेम सिंह के हाथ-पैर बांधकर उसे घर के पास बैठा दिया। पुलिस के अनुसार, कुछ देर शांत रहने के बाद सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच उसकी मां को लगा कि अब वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। इसके बाद उसके हाथ-पैर खोल दिए गए। कुछ समय बाद प्रेम सिंह ने पास रखा डंडा उठाया और अपनी नानी भन्नी बाई पर हमला कर दिया। नाना संपत सिंह बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो उन पर भी ताबड़तोड़ प्रहार किए। मां अनुपिया बाई भी बचाने पहुंचीं, लेकिन युवक ने उन पर भी हमला कर दिया।

#### मामा और उनकी बेटियों पर भी हमला

इसके बाद आरोपी ने अपने मामा चैन सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों पर भी हमला किया। पुलिस के मुताबिक हमले में मामा और उनकी तीन बेटियों समेत अन्य लोग घायल हुए हैं। एक बच्ची किसी तरह मौके से निकलकर जंगल की ओर भागी और उसने चैन सिंह को घटना की जानकारी दी। चैन सिंह जब घर पहुंचे तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। चैन सिंह के मुताबिक हमले के दौरान आसपास के लोग भय के कारण तत्काल मदद के लिए आगे नहीं आए। शोर बढ़ने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रेम सिंह को पकड़कर दोबारा रस्सी से बांध दिया। तब तक संपत सिंह, भन्नी बाई और अनुपिया बाई की मौत हो चुकी थी।

#### इलाज के दौरान एक और मौत

सभी घायलों को उपचार के लिए शहडोल मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। यहां मोनिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। चैन सिंह के हाथ में फ्रैक्चर और सिर में चोट बताई गई है, जबकि बच्ची भारती की हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में रखा गया है। परिवार के अनुसार अनुपिया बाई का ससुराल उमरिया जिले के नौरोजाबाद के पास मरदरी गांव में है। उनके पति की करीब पांच वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बेटे हैं, जिनमें प्रेम सिंह बड़ा बेटा है। परिजनों का कहना है कि प्रेम सिंह की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसकी शादी हो चुकी थी, लेकिन पत्नी के साथ मारपीट के कारण करीब तीन वर्ष पहले वह उसे छोड़कर चली गई थी। अनुपिया बाई भी तबीयत खराब होने के कारण करीब एक सप्ताह पहले अमोदा आई थीं, जबकि प्रेम सिंह तीन दिन पहले ही गांव पहुंचा था।

#### एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, जहां साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है। शवों का पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी विक्रांत मुराब ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। घटना से पहले भी उसने मंदिर के पुजारी पर हमला किया था। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुष्पराजगढ़ बीएमओ डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बेनीबारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। शवों की जांच और फोटोग्राफी की जा रही है। पोस्टमॉर्टम घटनास्थल पर होगा या शवों को बेनीबारी लाया जाएगा, इसका निर्णय फॉरेंसिक टीम के निर्देश और मौके की स्थिति के आधार पर किया जाएगा।

## मां नर्मदा की उद्गम स्थली पर गूंजे वेद-मंत्र, पहली बार पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य

## संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह किया भव्य स्वागत





### शंकराचार्य आश्रम में विधि-विधान से हुई अगवानी, 6 अक्टूबर तक होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**अमरकंटक।** मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक शनिवार को उस समय आध्यात्मिक उल्लास से भर उठी, जब पश्चिमाम्नाय द्वारका-शारदा पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित 1008 परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का शंकराचार्य पद पर आसीन होने के बाद पहली बार नगर आगमन हुआ। उनके नगर प्रवेश के साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक जयघोष और पुष्पवर्षा से अमरकंटक की गलियां गूंज उठीं। जगद्गुरु के आगमन को लेकर संत समाज और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। नगर के विभिन्न मार्गों पर आश्रमों के संतों, महंतों और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनकी अगवानी की। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की। रामकृष्ण कुटीर आश्रम के सामने धारकुंडी आश्रम के प्रमुख लवलीन महाराज, रामकृष्ण कुटीर आश्रम के प्रमुख स्वामी विश्वाटमानंद महाराज, कामदगिरि आश्रम के प्रमुख स्वामी अखिलेश्वर दास महाराज, झूलेलाल मंदिर के प्रमुख राजेश आजाद तथा गुम्मा घाटी आश्रम के ब्रह्मचारी प्रवीण ने जगद्गुरु का स्वागत किया। श्री कल्याण सेवा आश्रम के सामने प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज के साथ स्वामी जगदीश आनंद, स्वामी धर्मानंद, स्वामी रामेश्वर नंद और स्वामी नर्मदानंद सहित संत मंडल ने उनका अभिनंदन किया। मृत्युंजय आश्रम के व्यवस्थापक पंडित योगेश दुबे ने संतों के साथ तथा शांति कुटी आश्रम के प्रमुख महामंडलेश्वर स्वामी रामभूषण दास महाराज ने आश्रमवासियों के साथ जगद्गुरु की अगवानी की। अग्निपीठ अखाड़ा मार्कंडेय आश्रम के प्रमुख आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि स्वामी रामकृष्णानंद महाराज कबीरबांधा से शंकराचार्य आश्रम तक जगद्गुरु के साथ रहे। उन्होंने नगर में उनकी अगवानी की और आश्रम तक साथ पहुंचकर स्वागत किया।

शंकराचार्य आश्रम पहुंचने पर आश्रम के व्यवस्थापक ब्रह्मचारी स्वामी नर्मदानंद महाराज ने संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का विधि-विधान से स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य पद पर आसीन होने के बाद जगद्गुरु का अमरकंटक में यह प्रथम नगर आगमन है। 3 से 6 अक्टूबर तक उनके प्रवास के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। प्रवास के दौरान पादुका पूजन, ललिता सहस्रनाम पाठ, रुद्राभिषेक और मां नर्मदा पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। जगद्गुरु मां नर्मदा के उद्गम स्थल पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन करेंगे। इस दौरान संत-महात्माओं से भेंट, सत्संग और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन का भी अवसर रहेगा। जगद्गुरु के प्रथम नगर आगमन पर परम धर्म संसद के श्रीधर शर्मा, राम नरेश दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, पार्षद विमला दुबे, श्यामलाल सेन, हरि सिंह, नर्मदा मंदिर के पुजारी रूपेश द्विवेदी, संदीप जोशी, राधेश्याम उपाध्याय और लखन झरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पत्रकारों में श्रवण उपाध्याय, उमाशंकर पाण्डेय, संजय श्रीवास, विपुल बर्मन, गिरजा शंकर पाण्डेय और धनंजय तिवारी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे। मां नर्मदा के उद्गम, ऋषि-मुनियों की तपोभूमि और संत परंपरा के केंद्र अमरकंटक में जगद्गुरु शंकराचार्य का प्रथम नगर आगमन संत समाज और श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक अवसर रहा। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक जयघोषों के बीच हुआ यह नगर प्रवेश लंबे समय तक श्रद्धालुओं की स्मृतियों में बना रहेगा।



### जनभागीदारी से विकास की नई पहल स्वच्छता अभियान से पुष्पराजगढ़ विकास मंच ने दिया व्यवस्था का संदेश

**अनूपपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर पुष्पराजगढ़ विकास मंच की अगुवाई में स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता के साथ-साथ सार्वजनिक व्यवस्था और नागरिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा है। अभियान में ग्राम पंचायत किरगी, स्थानीय प्रशासन, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, व्यापारी वर्ग, पत्रकारों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की है। अभियान के दौरान पुष्पराजगढ़ बस स्टैंड, मुख्य बाजार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हाट बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई की गई है। मंच के सदस्यों ने दुकानदारों और व्यापारियों से दुकानों के सामने डस्टबिन रखने तथा नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने की अपील की है। स्वच्छता अभियान में योगदान देने वाले सफाई कर्मियों का सम्मान कर उनके श्रम के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। मंच ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में सफाई कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है और उनके कार्य का सम्मान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक व्यवस्था को लेकर मंच ने बस एवं ऑटो संचालकों से भी निर्धारित स्थानों पर वाहन खड़े करने और बस स्टैंड एवं बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।पुष्पराजगढ़ विकास मंच का कहना है कि विकास केवल सड़क, भवन और निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है। स्वच्छता, सुव्यवस्थित यातायात, जागरूक नागरिक और जिम्मेदार समाज भी विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। अभियान में पुष्पराजगढ़ विकास मंच के संरक्षक डॉ. रोहित मरावी, आशुतोष सिंह, अध्यक्ष मनोज जायसवाल (बबलू), कार्यवाहक अध्यक्ष गोविंद सोनवानी, सचिव आशीष सेन, सह-सचिव आत्मा बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, सरपंच अर्जुन सिंह, राजीव लोचन, सुनील गुप्ता, अजय सोनी, पुष्पेंद्र रजक, जनपद पंचायत सीईओ हरीश चंद्र द्विवेदी, मुख्य चिकित्सक अधिकारी सुरेंद्र सिंह, तहसीलदार ईश्वर प्रधान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं मंच के सभी सदस्यों सहित आम नागरिक उपस्थित रहे है। पुष्पराजगढ़ विकास मंच ने कहा कि पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक गांव के लोगों को जोड़कर जनभागीदारी के माध्यम से पुष्पराजगढ़ को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और विकसित बनाने की दिशा में पहल लगातार जारी रहेगी।



### गांधी-शास्त्री जयंती पर सत्य, सादगी और सेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प

**अनूपपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर कार्यालय में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। शाखा अध्यक्ष सिराज अहमद मंसूरी ने बताया कि रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी एवं मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के निर्देश तथा शाखा प्रभारी एवं जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोष्ठी में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और देशहित में उनके आदर्शों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि दोनों नेताओं ने सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों का प्रभाव भारत सहित विश्वभर में रहा है, जबकि शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा आज भी प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं सेवा तथा शास्त्री के सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन की एकता, अनुशासन और श्रमिक हितों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक राय, उपाध्यक्ष रामदास राठौर, कोषाध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय, सहायक सचिव एस. संजीव राव, के. व्ही. आर. मूर्ति, किशन द्विवेदी, रविकांत राय, अजहर रिजवी, गिरजा शंकर द्विवेदी, छोटे लाल राठौर, पुरन कुमार राय, कार्यालय प्रभारी. सूर्यराव सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## 24 घंटे में 15 से अधिक सर्पों का रेस्क्यू, दूसरी ओर आपात मरीज एंबुलेंस के लिए घंटों परेशान

# सांप के डसने से महिला की मौत, एंबुलेंस की देरी पर उठे सवाल

**अनूपपुर। जिले में एक ओर सर्पप्रहरी लोगों के घरों और आसपास पहुंचकर जहरीले सांपों का रेस्क्यू कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाली एंबुलेंस व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है। फुनगा क्षेत्र के छिल्पा गांव में सर्पदंश की शिकार 45 वर्षीय महिला की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस के लिए कई घंटे इंतजार करना पड़ा, जिससे महिला को समय पर उपचार नहीं मिल सका। हालांकि मौत का वास्तविक चिकित्सकीय कारण पोस्टमार्टम एवं चिकित्सकीय अभिलेखों से ही स्पष्ट होगा।**

पुलिस सहायता केंद्र फुनगा अंतर्गत छिल्पा निवासी रामरतू बैगा की पत्नी तेरसिया बैगा शुक्रवार दोपहर घर के पीछे बाड़ी में सफाई का काम कर रही थीं। इसी दौरान जहरीले सर्प ने उनके दाहिने हाथ की अंगुली के पास डस लिया। सर्पदंश के बाद परिजन एंबुलेंस के इंतजार में परेशान रहे। बाद में महिला को जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर भर्ती कराया गया, जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर अस्पताल पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस मिलने में हुई देरी के कारण महिला को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। सर्पदंश जैसे मामलों में शुरुआती समय बेहद



महत्वपूर्ण माना जाता है, ऐसे में एंबुलेंस की देरी ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।इसी बीच अनूपपुर जिले में स्वैच्छिक रूप से सर्प संरक्षण और रेस्क्यू का काम कर रहे सर्पप्रहरियों ने पिछले 24 घंटे में 15 से अधिक जहरीले और सामान्य सर्पों को रेस्क्यू किया। लोगों के घरों और आसपास सांपों के दिखाई देने की सूचना मिलने पर सर्पप्रहरी मौके पर पहुंचे और सांपों को सुरक्षित पकड़कर वन क्षेत्र में छोड़ दिया। सर्पों की लगातार मौजूदगी यह भी बताती है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सर्पदंश का खतरा बना हुआ है। ऐसे में आपात चिकित्सा और एंबुलेंस व्यवस्था का दुरुस्त होना और भी जरूरी हो जाता है। जिले में पिछले करीब दो महीने से एंबुलेंस संचालन और संधारण व्यवस्था को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि कई एंबुलेंस और शव वाहन लंबे समय से खराब पड़े हैं और उनका समय पर सुधार नहीं कराया जा रहा है। इसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एंबुलेंस की देरी को लेकर लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी वाली व्यवस्था यदि स्वयं ही लचर हो जाए तो इसका सीधा असर मरीजों की जान पर पड़ सकता है। एंबुलेंस व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक शिकायतें पहुंचाए जाने की बात सामने आ रही है। इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

सवाल यह है कि आखिर एंबुलेंस जैसी बुनियादी आपात सेवा की निगरानी कौन कर रहा है और खराब वाहनों को समय पर दुरुस्त कराने की जिम्मेदारी किसकी है। सर्पदंश की घटना ने एक बार फिर जिले की आपात स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी स्थिति पर सवाल खड़ा कर दिया है। एक तरफ स्वयंसेवी सर्पप्रहरी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर सांपों को बचा रहे हैं, दूसरी तरफ मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने वाली सरकारी व्यवस्था की सुस्ती लोगों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं, अच्युत मिश्रा (ACHYUT MISHRA), अपना नाम बदलकर अनंत मिश्रा (ANANT MISHRA) रख लिया है। अतः अब मैं अनंत मिश्रा (ANANT MISHRA) के नाम से जाना-पहचाना जाऊँगा। सो विदित होवे।
पुराना नाम
अच्युत मिश्रा (ACHYUT MISHRA)
नया नाम
अनंत मिश्रा (ANANT MISHRA)
पता: अनंत मिश्रा, S/O अजय कुमार मिश्रा क्वार्टर नं. 1B-87, वार्ड नं. 7, स्टाफ कॉलोनी, जमुना कोलियरी, हरद-अनूपपुर, (म.प्र.)